12.06 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

इन जेबतराशों ने विभिन्न बैंकों में अपने ऐजेन्ट रखे हुए हैं जो उन्हें कोड भाषा में इस बात की जानकारी देते हैं कि अमुक व्यक्ति ने इतना रुपया बैंक से निकलवाया है । इसके बाद शिकार का बड़ी होशियारी से पीछा शुरू हो जाता है । बस अड्डों तथा रेलवे स्टेशनों पर भी जेबतराशों का बड़ी संख्या में जमघट रहता है । ये लोग धार्मिक स्थानों जैसे मन्दिर, मजिस्द, गुरुद्वारों एवं गिरजाघरों पर भी रहम नहीं खाते और वहां भी अपना कमाल दिखाने से बाज नहीं आते । पुलिस सूत्रों के अनुसार राजधानी में जेबतराशों के 82 गिरोह सक्रिय हैं । इनमें से प्रत्येक का सरगना पुराना और शातिर जबतराश होता है जौंकि खलीफा या उस्ताद कहलाता है । प्रत्येक गिरोह को जो आमदनी होती है उसे कई भागों में बांटा जाता है । गिरोह का सरगना प्रत्येक दिन होने वाली आमदनी का आधा हिस्सा गिरोह के सदस्यों में बांट देता है और शेष आधे हिस्से में पुलिस को निर्धारित हिस्सा देने के बाद जो रकम बचती है वह जबतराशों के मुकदमा आदि लड़ने के काम आती है । एक प्रमुख गिरोह का सरगना 105 बार सजा काट चुका है । 75 वर्षीय इस शातिर जेबकतरे के पास एक दर्जन कारें और बीस शानदार बंगले हैं । एक 65 वर्षीय महिला जेबतराश अब तक 45 मुकदमों में सजा पा चुकी है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह भोली भाली जनता को इन भंयकर अपराधियों के चंगुल से छुटकारा दिलाने के लिए पुलिस को सतर्क करे और इसकी रोकथाम के लिए कोई प्रभावी कानून अमल में लाए ।

(ii) ESTABLISHMENT OF A COAST GUARD DETACHMENT AT PARADIP PORT IN ORISSA.

SHRIMATI JAYANTI PATNAIK (Cuttack): Sir, the proposal for the establishment of a coast guard detachment at Paradip Port in Orissa has been delayed inordinately. The detachment of a Coast Guard is located in all major ports of India except Paradip. On the other hand, the number of foreign deep sea fishing vessels operating from Paradip base is increasing every month. Therefore, the detachment is necessary for clearing those foreign deep sea vessels. Moreover, the number of incidents of smuggling is increasing in the east coast. These incidents cannot be brought under control unless a detachment of Coast Guard is established at Paradip port. It is also not possible on the part of the Stae Government to check such incidents occurring in the deeep sea. If a Coast Guard detachment is established there, it would facilitate carrying out necessary anti-smuggling operation in the east coast.

In view of this, I demand that the Government of India should expedite the proposal for the establishment of a Coast Guard detachment at Paradip Port in Orissa without any further delay.

(iv) OPENING OF MORE BRANCHES OF BANKS AT LAKHI SARAI, BIHA8

श्रीमती कृष्णा साही (बेगूसराय) : उपाध्यक्ष महोदय बिहार राज्य के मुंगेर जिला के अनुमंडल कार्यालय लखी सराय प्रान्त में चन्द्र प्रमुख मंडियों में से एक है । बिहार राज्य के मुंगेर जिले में स्थित इस प्रमुख व्यापारिक केन्द्र में राष्ट्रीयकृत बैंक की मात्रा दो ही शाखाये—स्टेट बैंक आफ इंडिया और सैंट्रल बैंक आफ इंडिया । ये दोनों ही बैंक काफी व्यस्त रहते हैं, जिससे छोटे-छोटे व्यापारियों को बैंक ड्राफ्ट बनवाने एवं अन्य कई कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इसके बगल में ही जमुई जैसे छोटे से शहर में